Title: Suggested to store the rice supplied for public distribution as a part of the Mid-Day Meals Scheme in the local godowns for saving the transport cost incurred by FCI.

13.00 hrs.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं मध्य प्रदेश राज्य के बिलासपुर जिले तथा अन्य राज्यों की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत मध्यान्ह भोजन के लिए गरीबी की रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले लोगों को दिया जा रहा है। लेवी के रूप में बिलासपुर जिले के लोरमी तहसील में 12 राइस मिलों से 80 हजार टन चावल दिया जाता है। उक्त चावल को लेवी के रूप में लेकर एफ.सी.आई. कोटा में भेजा जाता है। एफ.सी.आई. कोटा में 35 किलोमीटर दूर चावल को भेजने में 10 लाख रुपये खर्च होते हैं। पुनः उसी एफ.सी.आई. कोटा से मध्यान्ह भोजन के लिए गरीबी की रेखा के नीचे जीवन जीने वालों को वापस दिया जाता है, जिससे सरकार को 10 लाख रुपये का घाटा होता है। प्रत्येक गोदाम में, प्रत्येक एफ.सी.आई. में इस तरह के घाटे होते हैं। इस तरह के घाटे को अगर बचाया जाये तो कई करोड़ रुपये की देश में जो बर्बादी हो रही है, वह बच सकेगी। अगर उस चावल को वहीं गोदाम में रखने की व्यवस्था की जाये तो गरीबी की रेखा के नीचे जीवन जीने वाले तथा मध्यान्ह भोजन के लिए, जो वहां को स्कूल के बच्चों को दिया जाता है, उन्हें वितरित किया जाये तो इतने लाख रुपये की बचत होगी, जिससे सरकार देश के विकास के अन्य काम कर सकती है, उससे देश के विकास में भागीदारी हो सकती है।